**पंडित द्वारका प्रसाद मिश्र,**

**भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, अभिकल्पन एवं विनिर्माण संस्थान जबलपुर**

---

दिनांक: 28-06-2023

**ईओआई संख्या. 1873**

**<u>पीडीपीएम आईआईआईटीडीएम, डुमना एयरपोर्ट रोड, जबलपुर, म.प्र.-482005 में लॉन्ड्री सेवा प्रदाताओं के पैनल में शामिल करने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) हेतु आमंत्रण।</u>**

पीडीपीएम आईआईआईटीडीएम जबलपुर संस्थान के छात्रों, कर्मचारियों एवं अन्य अतिथियों हेतु कपड़े धोने की सेवाएं प्रदान करने के लिए पात्र एजेंसियों/व्यक्तियों (जिसे आगे **"बोलीदाता"** कहा जाएगा) को सूचीबद्ध करने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है। पीडीपीएम आईआईआईटीडीएम जबलपुर एक पूर्ण आवासीय परिसर है जिसमें लगभग 2500+ छात्र और कर्मचारी निवासरत् हैं। कपड़े धोने की सेवाएं दो प्रकार से प्रदान की जा सकती हैं:

1. बोलीदाता प्रतिदिन परिसर का दौरा कर कपड़े एकत्र करेगा जिसे अपने स्वयं के परिसर / दुकान पर साफ एवं स्त्री कर उन्हें अगली यात्रा में ग्राहक को वापस लोटा देगा। या
2. कपड़े धोने हेतु मासिक किराये के आधार पर परिसर में एक उपयुक्त स्थान / दुकान (उपलब्धता के अधीन) प्रदान की जा सकती है।

**<u>टिप्पणी:</u>**

1. मुहरबंद (EOI), पीडीपीएम आईआईआईटीडीएम जबलपुर के डिसपैच कार्यालय में दिनाँक: 12 जुलाई, 2023 शाम 5:00 बजे तक या उससे पहले पहुंचनी चाहिए।
2. चयनित (शॉर्टलिस्ट) किए गए को पीडीपीपीएम आईआईआईटीडीएम जबलपुर के सक्षम प्राधिकारी द्वारा गठित समिति के साथ व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। यह संस्थान सभाकक्ष मे दिनाँक: 14 जुलाई, 2023 को प्रात: 10:00 बजे से आरंभ होगा जहां चयनित (शॉर्टलिस्ट) बोलीदाता को अपने दावे के समर्थन में संलग्न दस्तावेजों की मूल प्रति लाना होगा।

**<u>पात्रता</u>**

1. बोलीदाता को कपड़े धोने की सेवाएं प्रदान करने में कम से कम दो साल का अनुभव होना चाहिए।
2. बोली के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना होगा:
   - पहचान प्रमाण (आधार कार्ड/वोटर आईडी/पासपोर्ट)
   - जीएसटी विवरण (यदि लागू हो)
   - पैन कार्ड
   - आवासीय प्रमाण

श्री संतोष महोबिया | डॉ. हिमांशु शेखर नंदा | डॉ. मातादीन बंसल

---

- मौजूदा दुकानों (यदि कोई हो) का विवरण उनके पंजीकरण सहित
- पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र*

  (* केवल चयनित विक्रेताओं द्वारा प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा)

**सामान्य नियम एवं शर्तें**

1. बोलीदाता को एक मुहरबंद लिफाफे में ईओआई "रजिस्ट्रार, पीडीपीएम आईआईआईटीडीएम जबलपुर" में जमा करना होगा। लिफाफे के उपर "**आईआईआईटीडीएम जबलपुर में कपड़े धोने की सेवा प्रदाताओं के पैनल के लिए ईओआई"** लिखा जाना चाहिए। बोली व्यक्तिगत रूप से, डाक के माध्यम से/ कूरियर के माध्यम से प्रस्तुत की जा सकती है।
2. बोली लिफाफे में अनुलग्नक 1-3 के साथ ईओआई दस्तावेज की हस्ताक्षरित प्रति होनी चाहिए । बोलीदाता को ईओआई के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर करना होगा।
3. बोलीदाता के साथ भविष्य का संचार केवल उसके आधिकारिक ईमेल आईडी / मोबाइल नंबर / पते के माध्यम से होगा।
4. अनुबंध केवल दो वर्षों के लिए मान्य होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर और संस्थान के दिशानिर्देशों और नियमों के अनुसार एक और वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।
5. बोलीदाता को ईओआई दस्तावेज में उल्लिखित नियमों और शर्तों का पालन करना होगा।
6. पैनल में शामिल होने हेतु चयनित बोलीदाताओं को सेवा अनुबंध प्रदान किए जाने के 15 दिनों के भीतर रजिस्ट्रार आईआईआईटीडीएम जबलपुर के पक्ष में क्रॉस डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ब्याज मुक्त सुरक्षा जमा **रुपये 5000/-** (केवल पांच हजार रुपये) **जमा** करने होंगे।
7. यदि बोलीदाता को दुकान के लिए जगह प्रदान की जाती है तो सफल बोलीदाता को रुपये 500/- का मासिक किराया और वाणिज्यिक दरों पर बिजली शुल्क का भुगतान करना होगा जो कि एमपीईबी जबलपुर (वर्तमान में यह 8.40 रुपये प्रति यूनिट है) या संस्थान के सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर तय किया जायेगा । सफल बोलीदाता को हर महीने के **7**वें दिन तक संस्थान खाते में मासिक किराया और बिजली बिल का भुगतान जमा करना होगा । जिसकी पावती अधिष्ठाता **(छात्र) के कार्यालय, पीपीएम आईआईआईटीडीएम जबलपुर** में जमा की जाएगी।
8. सफल बोलीदाता को संस्थान के स्वच्छता मानकों का पालन करना होगा।
9. सफल बोलीदाता को संस्थान द्वारा तय किए गए समय पर कपड़े इकट्ठा करने के लिए परिसर में न्यूनतम घंटों के लिए दुकान खोलनी होगी।
10. सफल बोलीदाता से उचित वेशभूषा में होने अपेक्षा की जाएगी।
11. सफल बोलीदाता किसी भी बाल श्रमिक को नियोजित नहीं करेगा और श्रम रोजगार अधिनियम, 1970 और अन्य श्रम कानूनों में

निहित किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं करेगा। इन कानूनों का उल्लंघन होने पर अनुबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया जाएगा।

12. यदि कोई सूचीबद्ध बोलीदाता अधिष्ठाता (छात्र) कार्यालय द्वारा दी गई अंतिम समय सीमा के भीतर (बिल जारी होने के 30 दिनों के भीतर) उक्त मासिक शुल्क का भुगतान करने में विफल रहता है, तो अनुबंध को इस संबंध में किसी भी संचार के बिना शून्य माना जाएगा, एवं संस्थान किसी अन्य फर्म / एजेंसी / कंपनी / मालिक / व्यक्ति को इन सेवाओं को प्रदान करने के लिए स्वतंत्र होगा।
13. यदि पीडीपीएम आईआईआईटीडीएम जबलपुर की किसी संपत्ति को कोई नुकसान होता है या पीडीपीएम आईआईआईटीडीएम जबलपुर को कोई भुगतान बकाया है या फर्म/ एजेंसी / कंपनी / प्रोप्राइटर / व्यक्ति द्वारा देय बकाया राशि के संबंध में पीडीपीएम आईआईआईटीडीएम जबलपुर के किसी भी प्राधिकरण से कोई मांग की गई है, तो **पीडीपीएम आईआईआईटीडीएम जबलपुर को सुरक्षा जमा से बकाया राशि वसूलने का अधिकार होगा।**
14. सूचीबद्ध बोलीदाताओं को केवल निर्धारित उद्देश्य के लिए संस्थान द्वारा आवंटित दुकान / स्थान में अपना व्यवसाय करने की अनुमति दी जाएगी।
15. यदि सूचीबद्ध बोलीदाता अनुबंध की समाप्ति के बाद मूल स्थिति में बुनियादी ढांचे के साथ आवंटित स्थान को पीडीपीएम आईआईआईटीडीएम जबलपुर को सौंप देगा। यदि सूचीबद्ध बोलीदाता अनुबंध समझौते की अवधि **समाप्त होने के बाद या समझौते की समाप्ति की नोटिस अवधि के एक महीने के बाद आवंटित स्थान खाली नहीं करता है, तो संस्थान को जगह खाली करने और इसे अधिग्रहित करने का अधिकार होगा।**
16. सूचीबद्ध बोलीदाता परिसर में केवल निर्दिष्ट अनुमोदित गतिविधियों को पूरा करेगा। **यदि फर्म/एजेंसी/कंपनी/प्रोपराइटर किसी भी अअनुमोदित गतिविधियों को करने में लिप्त होता है, तो पी.डी.पी.एम.आई.आई.टी.एम.डी.एम. जबलपुर फर्म/एजेंसी/कंपनी/प्रोप्राइटर/व्यक्ति के संविदा करार को तत्काल प्रभाव से रद्द करने के लिए स्वतंत्र होगा।**
17. सूचीबद्ध बोलीदाता अनुबंध समझौते की अवधि के दौरान अपने आस-पास के क्षेत्र को कोई नुकसान पहुंचाए बिना अपने आवंटित स्थान या दुकान का रखरखाव और विकास करेगा। संस्थान आवंटित स्थान के लिए कोई फर्नीचर या फिक्स्चर प्रदान नहीं करेगा।
18. **पी.डी.पी.एम.आई.आई.टी.डी.एम. जबलपुर सूचीबद्ध** बोलीदाता को **एक महीने की लिखित सूचना** देने **के** बाद अनुबंध को रद्द करने का अधिकार **सुरक्षित** रखता है एवं किसी भी समय **किए गए परिचालन कार्य का निरीक्षण करने का अधिकार सुरक्षित रखता है एवं फर्म/एजेंसी/कंपनी/मालिक/व्यक्ति पी.डी.पी.एम.आई.आई.टी.डी.एम. जबलपुर द्वारा जारी आदेशों और निर्देशों का पालन करेगा।**
19. पी.डी.पी.एम.आई.आई.टी.एम. जबलपुर प्रबंधन द्वारा आवश्यक पाई गई किसी भी अन्य शर्त को समझौते में चर्चा के बाद शामिल किया जाएगा।

श्री संतोष महोबिया | डॉ. हिमांशु शेखर नंदा | डॉ. मातादीन बंसल

20. उपर्युक्त नियम और शर्तें अनुबंध / लाइसेंस समझौते का हिस्सा होंगी।
21. **यदि आवश्यक हो तो पीडीपीएम आईआईआईटीडीएम जबलपुर के नामित अधिकारी द्वारा बोलीदाताओं के** कार्यस्थलों का निरीक्षण करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
22. ईओआई एक अनुरोध नहीं है। पी.डी.पी.एम.आई.आई.टी.डी.एम. जबलपुर रुचि की अभिव्यक्ति प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय आवश्यकताओं को बदलने या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
23. पी.डी.पी एम.आई.आई.टी.डी.एम. जबलपुर बिना कोई कारण बताए किसी भी रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और प्रभावित फर्म की कार्रवाई के आधार को सूचित करने के लिए कोई दायित्व पीडीपीएम आईआईआईटीडीएम जबलपुर के लिए बाध्यकारी नहीं है।

**रजिस्ट्रार**

**अनुलग्नक-I**

दिनांक: …………

**आवेदन पत्र**

.

**समिति सदस्य,**

**कपड़े धोने की सेवाएं**

**पीडीपीएम आईआईआईटी जबलपुर**

फोटो

महोदय

मैं पीडीपीएम आईआईआईटी जबलपुर में अनुलग्नक -3 में उल्लिखित दरों पर कपड़े धोने की सेवाएं प्रदान करने के लिए सूचीबद्ध होने के लिए इच्छुक हूं। कृपया मेरी उम्मीदवारी पर विचार करें। मैंने इसके कार्य क्षेत्र को ध्यान से पढ़ा है। पीडीपीएम आईआईआईटीडीएम जबलपुर में कपड़े धोने की सेवाएं प्रदान करने के लिए सूचीबद्ध होने पर मेरे द्वारा ईओआई में उल्लेखित नियमों और शर्तों का पालन किया जाएगा।

(आवेदक के हस्ताक्षर)

पूरा नाम :....

पिता का नाम:........

वर्तमान पता: .....

स्थायी पता…………

………………………………………………   ……………………………………………….

मोबाईल नं.: ........

संलग्न: 1.   2.

**अनुलग्नक 2**

# वचन पत्र

1. मैं/हम वचन देते हैं कि मैं/हमने सभी नियमों और शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया है और पीडीपीएम-आईआईआईटीडीएम जबलपुर के प्रस्तावित कार्य के मापदंडों को समझा है और उनका पालन करूंगा/करेंगे।

2. मैं/हम यह भी वचन देते हैं कि मैंने/हमने "कार्य के संचालन के लिए पैरामीटर और तकनीकी विनिर्देशों" को समझ लिया है और इन मापदंडों के अनुसार कार्य का सख्ती से संचालन करेंगे।

3. मैं/हम यह भी वचन देते हैं कि फर्म को किसी भी सरकारी विभाग या संस्थान द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है।

4. मैं/हम आगे वचन देते हैं कि इस ईओआई में दी गई जानकारी सभी मामलों में सही और हम इसके लिए उत्तरदायी हैं।

दिनांक: ___
स्थान:

(आवेदक के हस्ताक्षर
फर्म की मुहर के साथ)

अनुलग्नक-3

विभिन्न कपड़े धोने की सेवाओं के लिए दर सूची

| क्र संख्या | विवरण | इस्त्री करना INR | धुलाई और इस्त्री करना INR | ड्राय क्लिनिंग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोट | 40 | 100 | 130 |
| 2 | कोट +पैंट | 50 | 150 | 150 |
| 3 | ऊनी कोट | 40 | 100 | 130 |
| 4 | जैकेट | 40 | 100 | 130 |
| 5 | पैंट शर्ट + | 10 | 20 | 50 |
| 6 | कमीज़ | 5 | 10 | 25 |
| 7 | पैंट | 5 | 10 | 25 |
| 8 | पैंत (जींस) | 5 | 10 | 25 |
| 9 | टीजींस + शर्ट- | 10 | 20 | 50 |
| 10 | साड़ी | 30 | 50 | 100 |
| 11 | सलवार कुर्ता | 15 | 30 | 100 |
| 12 | सलवार | 10 | 25 | 50 |
| 13 | कुर्ता | 10 | 25 | 50 |
| 14 | बेडतकिया कवर + (सिंगल) शीट- | 10 | 20 | 30 |
| 15 | तकिए के कवर के साथ बेडशीट- (डबल बेड) | 20 | 35 | 60 |
| 16 | तौलिया (छोटा) | 5 | 15 | 30 |
| 17 | तौलिया (पूर्ण आकार) | 10 | 20 | 40 |
| 18 | पर्दे | 10 | 20 | 50 |